संख्या-293 /2019/91/69-1-19-29(आसरा-37)/2013

प्रेषक,

अनिल कुमार बाजपेयी,
विशेष सचिव
उ0प्र0 शासन।

8630/cls
26/03/19

सेवा में,

**निदेशक,**
राज्य नगरीय विकास अभिकरण,
उ0प्र0, लखनऊ।

**नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग।** **लखनऊ : दिनांक :26 मार्च, 2019**

**विषय: शहरी गरीबों के लिये अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों तथा नगरीय मलिन बस्तियों में "आसरा योजना"(आवासीय भवन) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 में अनुदान संख्या-37 से जनपद-सीतापुर की निकाय-खैराबाद की 42 आवासों की 01 परियोजना में मूल्यवृद्धि की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-11146/10/छः/विविध/आसरा/तक0(सीतापुर-खैराबाद-84) दिनांक 27 फरवरी, 2019 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शहरी गरीबों के लिए अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों तथा नगरीय मलिन बस्तियों में **"आसरा योजना"** (आवासीय भवन) के अन्तर्गत अनुदान संख्या-37 से वित्तीय वर्ष 2013-14 में जनपद-सीतापुर की निकाय-खैराबाद की 42 आवासों की 01 परियोजना हेतु **शासनादेश संख्या-1932/69-1-14-29(आसरा-37)/2013 दिनांक 21 फरवरी, 2014 द्वारा रू0 155.325 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति सहित उक्त के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अर्थात रू0 77.663 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी थी तथा शासनादेश संख्या-664/2016/2403/69-1-16-29(आसरा-37)/2013 दिनांक 03 नवम्बर, 2016 द्वारा द्वितीय किश्त के रूप में रू0 77.662 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी थी।** अतएव जनपद-सीतापुर की निकाय-खैराबाद की 42 आवासों की 01 परियोजना के कार्यों को पूर्ण करने हेतु रू0 210.935 लाख की पुनरीक्षित प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति सहित उक्त परियोजना में हुई मूल्यवृद्धि के फलस्वरूप देय अन्तर की धनराशि रू0 55.61 लाख **(रूपये पचपन लाख इकसठ हजार मात्र)** की वित्तीय स्वीकृति पर श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष प्रदान करते हैं:-

**(धनराशि लाख रूपये में)**

| क्र0 सं0 | जनपद/ निकाय का नाम/ कुल आवासों की संख्या | मूल परियोजना की कुल आवासीय लागत | सामान्य वर्ग के लाभार्थियों के आवासों की संख्या | सामान्य वर्ग के लाभार्थियों के आवासों हेतु परियोजना की मूल आवासीय लागत | परियोजना हेतु प्रथम एवं द्वितीय किश्त के रूप में कुल अवमुक्त धनराशि | पुनरीक्षित परियोजना की कुल लागत | सामान्य वर्ग के लाभार्थियों के 42 आवासों हेतु परियोजना की पुनरीक्षित लागत | उक्त परियोजना को पूर्ण करने के लिए मूल्यवृद्धि के रूप देय अन्तर की कुल धनराशि (8-6) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | सीतापुर/ खैराबाद-84 आवास | 310.65 | 42 | 155.325 | 155.325 | 421.87 | 210.935 | 55.61 |
| | | | | | | | योग | 55.61 |

**(रूपये पचपन लाख इकसठ हजार मात्र)**

FC/EE को प्रतिलिपि /P.O. Print

-2/

26/03/19

1513

